जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-12 | जयपुर, सोमवार, 23 मार्च, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## आनन्द एक एहसास-सीजन 8 संगीत संध्या का हुआ भव्य आयोजन, 33 सिंगर्स ने दी आनंद गंगवार को संगीतमय श्रद्धांजलि









**जयपुर (हमारा वतन)।** थिएटर और फिल्म आर्टिस्ट स्वर्गीय डॉक्टर आनंद कुमार गंगवार की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित आनंद एक एहसास-8, संगीत संध्या का आयोजन जयपुर कल्चरल सोसायटी द्वारा जयपुर स्थित विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निर्मला रावत, सेलिब्रिटी गेस्ट वरिष्ठ अभिनेत्री और नृत्युगुरू उषाश्री रही । वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्यमी नरेन्द्र सिंह मेहता, समाजसेवी दामोदर तोषनीवाल, केके पारीक, मुकेश शर्मा एवं क्रियेटिव डायरेक्टर डॉ.तनुज मिगलिनी ने शिरकत कर सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया ।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई । सभी अतिथियों का माला, साफा, दुपट्टा और मोमेंटो भेंटकर स्वागत-सम्मान किया गया ।लोकप्रिय फ़िल्मी गीतों पर उपस्थित संगीत प्रेमी झूमने लगे । श्रोताओं ने एक स्वर में कहा कि हर गीत ने आनंद का एहसास कराया । यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है । वह हमेशा नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते थे और यही सिलसिला 40 सालों से चला आ रहा है ।जेसीएस अध्यक्ष कंचन आनन्द ने बताया कि जयपुर के सुपर 33 गायक-गायिकाओं ने अपने एकल एवं युगल मधुर तरानों से जेसीएस के संस्थापक स्व. आनन्द कुमार गंगवार जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम निर्देशक योगी राजोरा के साथ इस सुरमई संध्या को बॉलीवुड सेलेब्रिटी इन्टरनेशन एंकर आकृति आनन्द सिंह और उज्जवल पारीक ने अपने मंच संचालन से कार्यक्रम में चार चांद लगाए । लाइव बैंड पंडित पवन डांगी का रहा ।। ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय डॉक्टर आनंद कुमार गंगवार को श्रद्धांजलि अर्पित की । संगीत संध्या में योगेन्द्र सिंह राजोरा, स्तुति आनन्द, पूनम शर्मा, उर्मिला नियति, सुधीर शर्मा, आरके सोनी , सुरभि गुप्ता, मनोज शर्मा, डॉ.महेश बागड़ी, नेहा छीपा, प्रीती गौड, वर्षा विजय, पूर्वा राजावत, शर्मिला काटीवाल, भारती शर्मा, साकिब खान, फतह अली, मकबूल खान, अशोक खण्डेलवाल, अमित देव व्यास, जितेन्द्र शर्मा, आयुष जैन, पियूष कुमार, प्रमिला सैनी, विक्की तलवार, विशाखा गहलोत, हरिओम कायत, पुनित गुप्ता एवं श्रीराम शर्मा ने अपनी गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।



## सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ आयोजित

**जयपुर (हमारा वतन)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा एवं राष्ट्रीय महासचिव राधेश्याम मेहता के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में दादू दयाल आश्रम राधा किशनपुरा में संपन्न हुआ । संस्था में नव नियुक्त पदाधिकारियों ने यूजीसी कानून वापस न होने तक संगठन के सामाजिक आयोजनों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित न करने, प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन, भोजन झूठा न छोड़ना, परिवार के साथ समय बिताना ,प्रतिदिन मंदिर में जाना ,फिजूल खर्ची पर अंकुश, गौ सेवा एवं सनातन संस्कृति के आदर्शों की पालना के संकल्प के साथ समाज एवं राष्ट्रीय हित में अपने पद के कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली । इस अवसर पर अपने अनुभव एवं ज्ञान से समाज के विकास को गति प्रदान करने वाले 272 वरिष्ठ जनों का राजस्थान के परंपरागत चुनरी का सॉफा एवं शॉल, दुपट्टा एवं भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया एवं आशीर्वाद लिया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति का अभिनंदन किया गया ।




इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि महासभा पंचायत एवं निगम चुनाव में ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने की मांग कर रही है। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ जन एवं मातृशक्ति समाज विकास के मुख्य स्तंभ व समाज के लिए प्रेरणादायक है। राधेश्याम मेहता ने जरूरतमंद प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने की घोषणा की इस अवसर पर सोहनलाल पारीक, गजानंद शर्मा, विशाल शर्मा, मुकेश शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, विनोद शर्मा, बनवारी लाल भातरा, सुभाष तिवारी, भंवर शर्मा, शंकर खांडल, बृजमोहन शर्मा, अशोक शर्मा, मालीराम शर्मा, विनोद शर्मा, श्रवण, रामजीलाल शर्मा, राधेश्याम, रामबाबू, रामपाल, राकेश, रामनिवास, कैलाश चंद शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, राजेश मिश्रा, नितेश, प्रभु दयाल, शिव कुमार, दीपिका, मंजीता, श्याम शर्मा सहित हजारों समाज बंधु उपस्थित रहे ।

## हमारी बेटियां राजस्थानी फिल्म का टीजर 22 मार्च को हुआ रिलीज

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थानी फीचर फिल्म 'हमारी बेटियां' का टीजर 22 मार्च को फिल्म सेमिनार कार्यक्रम में रिलीज़ किया गया। फिल्म के निर्देशक उग्रसेन तंवर ने बताया कि फिल्म सेंसर से पास हो गई है । फिल्म जल्दी ही राजधानी जयपुर सहित राजस्थान के सभी शहरों में रिलीज की जाएगी । अभिनेता उग्रसेन तंवर की खुद के निर्देशन में बनी यह पहली फिल्म है। इस फिल्म में रेखा परिहार, ऋषभ साहू, अशोक खडोलिया, संतोष कंवर, सनाया सैनी, विनयदेव गौतम, सुभाष सेठ, रमेश मकवाना, विनोद शर्मा बरना, हितेश सोलंकी, अभिनव शर्मा, दीपक सिंह, माधुरी खंडेलवाल, कलावती पटेल, गौरान्वी शर्मा, सत्यनारायण पाटोदिया, महेश योगी, गोविंदा गुर्जर, चित्रांश गौतम, मुकेश तंवर, गर्वित चौहान, श्याम सुंदर साहू, सीता साहू, मीनाक्षी सेन, शंकर लाल कटारिया, गुरु सुमेर सिंह, भगत सिंह, हरिनारायण साहू, फूलसिंह पिपलाली के साथ फिल्म के निर्देशक उग्रसेन तंवर ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है। फिल्म के निर्माता गणेश साहू, सह निर्मात्री रेखा परिहार, संगीत दिलबर हुसैन और गायिका रेखा परिहार और दिलबर हुसैन हैं। कोरियोग्राफी राजेंद्र राव चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर ज्योत्सना कौशिक, टेक्निकल निर्देशक अनिल के सैनी, मेकअप ममता अग्रवाल, चीफ कैमरा सुरेश खांडल है। फिल्म में 5 कर्ण प्रिय गाने हैं।






## अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल में हुआ मेगा पीटीएम के साथ वार्षिक रिजल्ट घोषित

### कियारा वर्मा रही 99.99 अंकों के साथ स्कूल टॉपर

जयपुर (हमारा वतन)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के गिरिराज नगर स्थित अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल में मेगा पीटीएम के साथ वार्षिक रिजल्ट घोषित किया गया। क्लास सेकंड की कियारा वर्मा 99.99 अंकों के साथ स्कूल टॉपर रही।स्कूल डायरेक्टर डॉ.मालीराम यादव और प्रिंसिपल संगीता तिवारी ने बताया कि सभी टॉपर्स बच्चों को मेडल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया और उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। सम्मान समारोह के दौरान पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी चमन लाल वर्मा, उप प्राचार्य सुभाष चंद वर्मा, समाजसेवी प्रेम सिंह सोलंकी,आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी एडवोकेट पवन कुमार प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि स्कूल बच्चों पर पर्सनली मेहनत करता है और सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है, उसी का परिणाम है कि आज बच्चे अच्छे अंकों से पास हो रहे हैं। सभी टीचर्स का धन्यवाद। इस दौरान स्कूल स्टाफ ललित सैनी, मदन लाल यादव, अनुराग शर्मा, मोनिका बागोरिया, पूजा शर्मा, मंजू सैनी, इंद्रा शर्मा, रचना बागोरिया, रेखा अग्रवाल और गीता नासना मौजूद रहे।

# घर आंगन की शोभा बढ़ाती हैं गौरैया चिड़िया : वृक्षमित्र डॉ. सोनी

देहरादून (हमारा वतन)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ऋषिकेश में उत्तराखंड विद्यालीय शिक्षा परिषद की अंतिम प्रश्नपत्र के समाप्ति पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और मानव के परिवार के सदस्य जैसा गौरैया चिड़िया के संरक्षण का संकल्प लिया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्या रचना अग्रवाल की अध्यक्षता तथा पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी के नेतृत्व में किया गया।



चैत्र नवरात्रि के अवसर पर वृक्षमित्र ने विद्यालय के प्रधानाचार्या सहित दस बद्रीनाथ के तुलसी के पौधे शिक्षिकाओं को उपहार में भेंट किये। विद्यालय की प्रधानाचार्या रचना अग्रवाल ने कहा पेड़ पौधे लगाने का जिम्मा हर व्यक्ति का होना चाहिए तभी पर्यावरण का संरक्षण होगा। बोर्ड परीक्षाओं का अंतिम प्रश्नपत्र के दौरान वृक्षमित्र डॉ. सोनी के सहयोग से विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया। कहा गौरैया हमारे परिवार के सदस्य हुआ करता था आज बहुत कम मात्रा में ये चिड़ियाएं दिखाई देती हैं हमें इन्हे बचाने का संकल्प लेना होगा। पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण तथा पौधा उपहार में देने के क्षेत्र में वर्षो से कार्य कर रहे वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी कहते है गांव में घरों के आस पास पौधे लगे होते थे जिसमे गौरैया (घिनोडू) बैठकर अपने तराने सुनाते थे। पहले समय में गौरैया घड़ी का संकेत अपने चहचहाट से रात खुलने का अहसास कराती थी कि रात खुल गई हैं। हमारे पूर्वज गौरैया के संरक्षण के लिए अपने घरो के खोली में इनके रहने के घर बनाते थे जहां वें स्वयं रहने के साथ अपने बच्चो को जन्म देते थे और गौरैया के तादात में वृद्धि होती थी। आज सीमेंट के पक्के मकानों के बनने से गौरैया के घर उजड़ गए हैं और तकनीकी डिजिटल की दुनिया में मोबाइल के टावर व अन्य उपकरण लगाए जा रहे हैं इनसे निकलने वाले तरंगे कही ना कही इन्हे नुकसान पहुंचा रहे होंगे जिस कारण पक्षियों की तादात में कमी दिखाई दे रही है। डॉ. सोनी ने गौरैया चिड़िया बचाने का आह्वान किया ताकि गौरैया संरक्षित रह सके।

कार्यक्रम में रिचा रानी, मीनाक्षी बुटोला, नेहा पंचभैय्या, मीना आहूजा, सोनिया, बद्री प्रसाद सती, अनूप वशिष्ठ, किरन, दीप्ति पोखरियाल, आरती बडोनी, जीतलाल साह, प्रकाश स्वरूप तिवाड़ी, देव बहादुर थापा, दिलीप बिष्ट आदि मौजूद रहे।



## डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए समाजसेवी डॉ.सुरेश चंद शर्मा

जयपुर (हमारा वतन)। गांधीवादी दर्शन को बढ़ावा देने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था एमजीजीपी इंडिया फाउंडेशन के ग्लोबल डायरेक्टर डॉ. माइक लिटमेन एवं डॉ. ऋषिकेश आचार्य भारत कार्यकारिणी निदेशक के संयुक्त हस्ताक्षर द्वारा राजस्थान से सर्व समाज जाग्रति संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा को गांधीवादी दर्शन, शांति और मानवता में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। एमजीजीपी इंडिया फाउंडेशन एक उभरता हुआ अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो मान्यता समर्थन अनुसंधान और सामुदायिक पहलों के माध्यम से गांधीवादी दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कॉर्पोरेट मामले के मंत्रालय भारत सरकार के तहत पंजीकृत संस्था है और एक विस्तारित वैश्विक नेटवर्क के साथ फाउंडेशन विश्व स्तर पर शांति और मानवता गांधीवादी दर्शन के आधार पर एक और टिकाऊ दुनिया बनाने के प्रयासों को जारी रखे हुए हैं। एमजीजीपी इंडिया फाउंडेशन शांति और सामाजिक सेवा में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करता है।

## सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर रामकरण गुर्जर का किया सम्मान

जयपुर (हमारा वतन)। मनोहरपुर पुलिस थाने में कार्यरत और सिरोही निवासी रामकरण गुर्जर पुत्र नंदाराम गुर्जर के हेड कांस्टेबल से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने और पुत्र धर्मराज का वरिष्ठ अध्यापक के पद पर चयन होने की खुशी में श्री वीर हनुमान जी महाराज सामोद मंदिर में सवामणी का आयोजन किया गया। इस दौरान आलीसर से वरिष्ठ पत्रकार भगवान सहाय यादव, हस्तेडा के सीएलजी सदस्य राजकुमार कुमावत, रेनू यादव, हितांशु यादव और जगदीश प्रसाद शर्मा ने साफा व माला पहनाकर और बुके भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर रामकरण गुर्जर के भाई कालूराम, रिश्तेदार और ग्रामीण उपस्थित रहे। सहायक उप निरीक्षक रामकरण गुर्जर ने सभी का आभार जताया।



## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में मनाया विश्व गौरैया दिवस

रुड़की (हमारा वतन)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक, शिक्षक और पर्यावरण मित्र डॉ. अशोक पाल सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गौरैया दिवस मनाने का उद्देश्य प्रदूषण के कारण तेजी से घटती गौरैया की आबादी का पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में सहयोग है। इसकी शुरुआत 2010 में भारत की नेचर फॉरएवर सोसाइटी मोहम्मद दिलावर द्वारा एवं फ्रांस के इको-सिस एक्शन फाउंडेशन के सहयोग से गौरैया दिवस की शुरुआत की गई। गौरैया का हमारे पर्यावरण का संतुलन बनाने में सहयोगी है।





इस अवसर पर पिंकी, राखी, सोनम, शबनम, आफरीन, कहकशा, अंकशा, रितिक, रोहन, गोपी, इल्मा, तनवी, अलतमश, शादिक, कृष्णा, आरती, खुशी, असद, प्रतिभा, जीतिन शर्मा व वंश आदि ने प्रतिभाग किया।

# वरिष्ठ गांधीवादी बाल विजय का 100 साल की उम्र में हुआ निधन

वर्धा / पवनार (हमारा वतन)। प्रख्यात गांधीवादी चिंतक, खादी सेवक और विनोबा परंपरा के अग्रणी कर्मयोगी आचार्य बाल विजय (100 वर्ष) का 18 मार्च 2026 को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार परमधाम मुद्रणालय, पवनार परिसर में किया गया। बालभाई के निधन की जानकारी ब्रह्म विद्या मंदिर, पवनार एवं खादी-मिशन सेवा ट्रस्ट, वर्धा द्वारा दी गई। उनके निधन से खादी जगत, सर्वोदय कार्यकर्ताओं और गांधीवादी विचारधारा से जुड़े लोगों में गहरा शोक व्याप्त है। उनके जीवन का हर क्षण समाज सेवा, अहिंसा और ग्रामस्वराज के लिए समर्पित रहा।

**एक शतायु तपस्वी का प्रेरणादायी जीवन**

आचार्य बाल विजय का जन्म 26 फरवरी 1926 को महाराष्ट्र के भंडारा जिले में हुआ था। उनके पिता माधवराव टेंभेकर स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े जागरूक और समाजनिष्ठ व्यक्ति थे। बाल्यकाल से ही उन्हें अध्यात्म, देशभक्ति और सेवा के संस्कार मिले। यही संस्कार आगे चलकर उनके जीवन की दिशा बने। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से विज्ञान विषय में एमएससी की शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा पूर्ण करने के बाद वे जीवन के उद्देश्य की खोज में थे। इसी दौरान 1953 में बिहार में चल रही आचार्य विनोबा भावे की भूदान यात्रा के संपर्क में आए। यह मुलाकात उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुई। उन्होंने आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रत लेकर



स्वयं को पूर्णतः विनोबा के विचारों और कार्यों को समर्पित कर दिया।

**भूदान से खादी मिशन तक सतत पदयात्रा का जीवन**

बाल विजय ने आचार्य विनोबा भावे के साथ देशभर में पदयात्राएं की और भूदान, ग्रामदान, संपत्तिदान तथा सर्वोदय जैसे विचारों को समाज में स्थापित करने का कार्य किया। वे केवल विचारों के प्रचारक ही नहीं, बल्कि उनके जीवंत साधक थे। जब विनोबा ने क्षेत्र संन्यास लिया, तब बालविजय उनके निजी सचिव बने और 15 नवंबर 1982 को विनोबा के ब्रह्मनिर्वाण तक उनके साथ रहे। इस दौरान उन्होंने विनोबा के चिंतन को व्यवस्थित रूप से समाज तक पहुंचाने का कार्य किया। सन् 1981 में विनोबा द्वारा स्थापित खादी मिशन के वे संयोजक बने। इस भूमिका में उन्होंने खादी आंदोलन को नई ऊर्जा दी और इसे केवल वस्त्र उत्पादन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, स्वाभिमान और ग्राम स्वराज के प्रतीक के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया।


सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.




## जॉब्स

1. यूपीएससी, पद असिस्टेंट स्टैटिकल ऑफिसर, पद संख्या 929, अंतिम तिथि 11 मई 2026
2. इंडियन आर्मी, पद अग्नि वीर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026
3. इंडियन रेलवे, पद असिस्टेंट लोको पायलट, पद संख्या 11127, अंतिम तिथि 16 जून 2026
4. डीएसएसएसबी, पद विभिन्न पोस्ट, पद संख्या 219, अंतिम तिथि 28 मार्च 2026
5. यूपीएससी, पद फार्मासिस्ट, पद संख्या 560, अंतिम 29 मार्च 2026
6. रेलवे रिक्रूटमेंट सेल साउथ सेंट्रल रेलवे, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 2801, अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2026
7. मध्य प्रदेश एम्पलाई सिलेक्शन बोर्ड, पद वनरक्षक जेल प्रहरी व अन्य, पद संख्या 1679, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026
8. मध्य प्रदेश एम्पलाई सिलेक्शन बोर्ड, पद स्टाफ नर्स पैरामेडिकल अन्य पोस्ट, पद संख्या 291, अंतिम तिथि 30 मार्च 2026

राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री





श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

# राजस्थान दिवस

## (भारतीय नववर्ष - चैत्र शुक्ल प्रतिपदा)

पर

## प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

### प्रगति पथ पर बढ़ता राजस्थान

#### देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना**
2.18 करोड़ पॉलिसियां

**पीएम-कुसुम योजना**
कम्पोनेन्ट- ए एवं सी

**जनजाति कल्याण एवं सशक्तीकरण**
धरती आबा जनभागीदारी अभियान में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट

**फार्मर रजिस्ट्री योजना**
लाभार्थी ID निर्माण

**स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025**
लक्षित इकाइयों का रूपांतरण

सहित 13 योजनाओं में देश में प्रथम

#### देश में द्वितीय

**कृषि विभाग**
प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण

**पीएम विश्वकर्मा योजना**
ऋण स्वीकृति एवं वितरण

**पीएम कृषि सिंचाई योजना- "पर ड्रॉप - मोर क्रॉप"**
1.31 लाख हेक्टेयर माइक्रो इरिगेशन स्थापना

**राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार**
श्रेष्ठ डेयरी कोऑपरेटिव सोसायटी
श्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन

**पोषण माह 2025 गतिविधियों में**

#### देश में तृतीय

**पीएम - कुसुम योजना**
कम्पोनेंट-B एवं C-FLS

**जल संचय जनभागीदारी 1.0 अभियान**
कार्य क्रियान्वयन के आधार पर

**आयुष्मान भारत (PM-JAY)**
क्लेम सेटलमेंट एवं हॉस्पिटल एम्पैनलमेंट

**टीबी मुक्त ग्राम पंचायत**
घोषित करने एवं 100 दिवसीय कैम्पेन

**एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम**
क्रियान्वयन श्रेणी

सहित 6 योजनाओं में देश में तृतीय

### प्रगति निरंतर - आंकड़ों की जुबानी

5 साल 2018-2023 बनाम 25 माह 2024 - मार्च, 2026

| | कौशल प्रशिक्षण (लाख) | फार्म पौण्ड (खेत तलाई) | ओडीएफ प्लस गाँव | निर्मित नवीन सड़कों की लम्बाई (किमी.) | सड़कों से जोड़े गए गाँव | नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु आवंटित भूमि (हेक्टेयर) | बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि (मेगावाट) | बालिका प्रोत्साहन योजना में लाभान्वित | कुसुम घटक 'ए' में जारी एलओए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 2.35 | 29,430 | 1,478 | 13,160 | 1,104 | 22,597 | 3,952 | 2,92,507 | 489 |
| अब | 3.41 | 35,368 | 41,037 | 16,864 | 1,717 | 98,894 | 8,261 | 3,14,530 | 2,911 |

| | स्कूली विद्यार्थियों को टैबलेट / लेपटॉप वितरण | छात्राओं को स्कूटी वितरित | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना | राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण | स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल वितरण (लाख) | नवीन राजस्व ग्रामों का सृजन | सैटेलाइट अस्पताल की स्थापना | किसानों को तारबंदी पर दी राशि (करोड़) | कुसुम घटक 'सी' में जारी एलओए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 986 | 21,136 | 5 | 57 | 10.36 | 1,517 | 10 | 113 | 57 |
| अब | 88,724 | 41,820 | 21 | 185 | 11.31 | 2,294 | 18 | 403 | 2,064 |

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

टिकिट


**हमारा वतन**

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512


**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

## राजनीतिक हथियार न बनें महाभियोग जैसे प्रस्ताव

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के बाद विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध भी महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। अगर मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ ऐसा कोई प्रस्ताव लाया जाता है, तो यह भारतीय इतिहास की पहली घटना होगी। बहरहाल, इस पूरे प्रकरण ने महाभियोग व अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रियाओं को लेकर नए सिरे से बहस खड़ी कर दी है। सवाल यह भी है कि क्या अब महज राजनीतिक हथियार के रूप में इनका इस्तेमाल होने लगा है? भारतीय संविधान में राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, मुख्य निर्वाचन आयुक्त, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और सर्वोच्च व उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए महाभियोग का प्रावधान किया गया है। इसके लिए प्रक्रियाओं की चर्चा संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों में की गई है। मसलन, राष्ट्रपति के


राम गोपाल सैनी

लिए प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 61 में बताई गई है। लोकसभा और राज्यसभा में से कोई भी सदन एक प्रस्ताव के माध्यम से इसे ला सकता है, बशर्ते उस पर सदन के कुल सदस्यों में से कम से कम एक चौथाई ने हस्ताक्षर किए हों। इसमें 14 दिनों की पूर्व सूचना आवश्यक है और सदन के कुल सदस्यों में से दो-तिहाई बहुमत मिलने के बाद ही वह पारित माना जाता है। इसके बाद आरोपों की जांच दूसरा सदन करता है। उप-राष्ट्रपति के मामले में प्रक्रिया इतनी औपचारिक नहीं होती। इसके लिए राज्यसभा में प्रभावी बहुमत (तत्कालीन सदस्यों का बहुमत) और लोकसभा की सहमति की दरकार होती है। अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने के लिए लोकसभा के तत्कालीन सदस्यों का बहुमत ही काफी है।रही बात मुख्य चुनाव आयुक्त, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और सर्वोच्च व उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की, तो उनको अनुच्छेद 124 (4) में वर्णित तरीके से पद से हटाया जा सकता है।

# UEM में हुआ आकर्षक सतत बाज़ार 3.0 - फ़्ली मार्केट का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर के प्रबंधन विद्यालय ने अपने डेल्टा मार्केटिंग क्लब के माध्यम से परिसर में एक आकर्षक सतत बाज़ार 3.0 - फ़्ली मार्केट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कुल 30 स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वेजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने किया। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक विश्वविद्यालय कैंपस में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों और आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खाद्य स्टॉल, रचनात्मक टी-शर्ट प्रदर्शन, हस्तशिल्प, कबाड़ सामग्री से बने नवोन्मेषी उत्पाद आदि रहे । इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में स्थिरता, रचनात्मकता और उद्यमिता कौशल को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अद्वितीय और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का प्रदर्शन किया, जबकि आगंतुकों ने स्टॉलों का दौरा करके और खरीदारी करके इन उभरते उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की एक विशेष बात यह थी कि इसमें सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ईटावा भोपजी के कक्षा 12



के 60 छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने विभिन्न स्टॉल गतिविधियों में सक्रिय रूप से योगदान दिया और स्थिरता, पुनर्चक्रण और उद्यमिता से संबंधित अवधारणाओं का बहुमूल्य अनुभव प्राप्त किया। इस कार्यक्रम ने छात्रों को विपणन, बिक्री और ग्राहक संपर्क में व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि इस फ्ली मार्केट का उद्देश्य छात्रों को सतत विकास पद्धतियों को अपनाने और पुनर्चक्रण एवं संसाधन उपयोग के बारे में रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रेरित करना था। उपनिदेशक संदीप अग्रवाल ने बताया कि उत्साहपूर्ण वातावरण और उपस्थित लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया ने कार्यक्रम को बेहद सफल और यादगार बना दिया। पूरे कार्यक्रम का सफल समन्वय क्लब समन्वयक डॉ. श्वेता पारीक ने किया।

# खादी को राष्ट्र सेवा और समाज उत्थान का हथियार बनाने वाले लक्ष्मीचन्द भंडारी का निधन, 92साल में ली अंतिम सांस

**जयपुर (हमारा वतन)।** राष्ट्र सेवा और समाज उत्थान को समर्पित लक्ष्मीचन्द भंडारी ने 20 फ़रवरी 2026 को 92 साल 3 महीने और 18 दिन की उम्र में अंतिम सांस ली । उन्होंने खादी को राष्ट्र सेवा और समाज उत्थान का हथियार बनाया था ।

लक्ष्मीचन्द भंडारी का जन्म 2 नवंबर 1933 को कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिन अजमेर जिले में मिश्रीलाल भंडारी के यहां हुआ। इनका जीवन सेवा त्याग और समाज कल्याण के आदर्शों से प्रेरित रहा। बचपन से ही इनमें राष्ट्र सेवा और समाज उत्थान की भावना थी। सन 1953 में उन्होंने खादी आंदोलन और ग्रामोद्योग के कार्यों से जुड़कर वंचित और ग्रामीण समाज के उत्थान का संकल्प लिया, उन्होंने खादी संघ से प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा बुनाई और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास किए। उनके समर्पित कार्यों की सराहना राष्ट्रीय स्तर पर भी हुई और खादी एवं ग्रामोद्योग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया । यह सम्मान उनके जीवन भर के निष्ठापूर्ण सेवा कार्यों का प्रमाण है । राजस्थान खादी संघ में सहायक मंत्री के रूप में उन्होंने दीर्घकाल तक सेवा दी । 1967 में बस्सी क्षेत्र में खादी ग्रामोद्योग संस्था की स्थापना कर उसे निरंतर विकसित किया। एक छोटे से किराए के भवन से आरंभ हुआ कार्य आगे चलकर विशाल आश्रम भवन में परिवर्तित हुआ । जिसकी संपत्ति लाखों से बढ़कर करोड़ तक पहुंची और इससे सैकड़ो लोगों को रोजगार मिला ।



उन्होंने शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया ।विद्यालयों में कक्ष निर्माण, बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण, अस्पतालों में सुविधा बढ़वाना, मंदिरों के निर्माण और जीर्णोद्धार में सहयोग तथा रोजगार के अवसर उत्पन्न करना उनके प्रमुख कार्यों में शामिल रहा । उनके प्रयासों से क्षेत्र के अनेक कतिन-बुनकरों और जरूरतमंद परिवारों को आजीविका मिली ।

धर्म और आध्यात्मिक में उनकी गहरी आस्था थी। उनके आश्रम में संत-महात्माओं का सत्संग होता रहता था और उन्होंने सदैव समाज में नैतिक मूल्यों और सेवा भाव को प्रोत्साहित किया ।

लक्ष्मी चंद भंडारी का जीवन सादगी, ईमानदारी ,परिश्रम और सेवा का प्रतीक रहा । उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनाकर एक अमिट छाप छोड़ी । उनके आदर्श और संस्कार आने वाली पीढियां को सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे ।

लक्ष्मी चंद भंडारी केवल समाजसेवी नहीं बल्कि एक आदर्श परिवार प्रमुख भी थे उन्होंने अपने परिवार को प्रेम अनुशासन और उच्च नैतिक मूल्यों की मजबूत नींव प्रदान की । उनके लिए परिवार केवल संबंधों का समूह नहीं बल्कि संस्कारों और परंपराओं की जीवित धरोहर था । उन्होंने अपने बच्चों और आने वाली पीढियां को सत्य, परिश्रम, आत्म सम्मान और सेवा भाव का मार्ग दिखाया ।

लक्ष्मी चंद भंडारी पत्नी निर्मला देवी, पुत्र राजेंद्र भंडारी, नरेंद्र भंडारी, सुरेंद्र भंडारी, महेंद्र भंडारी और पुत्री चित्रा सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं । खादी जगत इनके योगदान को कभी नहीं भूल पाएगा ।






## भाजपा का प्रशिक्षित कार्यकर्ता हर चुनौती का सामना करने में सक्षम : मदन राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस नीति, विचार या एजेंडा नहीं है। संसद और अन्य मंचों पर भी विपक्ष केवल और केवल हंगामा ही करता है, जबकि सार्थक चर्चा से बचता है। आज देश का विपक्ष मुद्दा विहीन है। साफ शब्दों में कहा जाए तो आज विपक्ष घेरने की स्थिति में है भी नहीं। फिर चाहे वो केंद्र हो या राज्य में, विपक्ष सिर्फ और सिर्फ हंगामा करने तथा जनता को भ्रमित करने का काम कर रहा है।राठौड़ ने कहा कि सामान्य रूप से विपक्ष का कार्य पक्ष को जनहित के मुद्दों पर घेरने का होता है, वहीं पक्ष का काम विपक्ष के घेरे से सफलता



पूर्वक बाहर निकलना होता है। यहा विपक्ष पक्ष को घेरने की स्थिति में नहीं है। जबकि हमारे प्रवक्ता, पैनेलिस्ट, पार्टी पदाधिकारी, पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपना कार्य कर रहा है। राठौड़ ने कहा कि संसद में भी कांग्रेस सिर्फ हंगामा करती है, किसी भी विषय पर वे तर्क संगत बात नहीं करते, यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षित कार्यकर्ता हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी की एक सतत और नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। समय-समय पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं नए जुड़े सदस्यों के साथ बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिनमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाती है तथा उनके अनुभवों और सुझावों को साझा किया जाता है।


RNI No. 10311/1965

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512

उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी

E mail-hamarawatan65@gmail.com

प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759

सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।